संपादकीय

# आतंकवाद को निर्णायक रूप से परास्त किया जाए

देश की अपेक्षा यह है कि आतंकवाद को निर्णायक रूप से परास्त किया जाए। ऐसा नहीं हो पा रहा है, तो सरकार और सुरक्षा तंत्र को अपनी अब तक की रणनीति पर सिरे से पुनर्विचार करना चाहिए।

छह जुलाई को जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में आतंकवादियों के हमले में सेना को दो जवान मारे गए। उसके बाद जवाबी कार्रवाई में सेना ने छह दहशतगर्दों को ढेर कर दिया। मगर सिर्फ दो दिन बाद- आठ जुलाई की रात कठुआ में सेना के कारवां पर आतंकवादियों ने और भी ज्यादा घातक हमला किया। इसमें पांच सैनिकों की जान गई। बीते एक महीने में आतंकवादी गतिविधियों से संबंधित अनेक घटनाएं हुई हैं। यह याद करना उचित होगा कि पिछले नौ जून को जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण कर रहे थे, ठीक उसी समय जम्मू-कश्मीर में एक आतंकवादी हमला हुआ था। उसके बाद से ऐसी घटनाओं का एक सिलसिला बना हुआ है। यह इस बात का साफ संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का एक नया दौर आया हुआ है। इससे कई गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं। क्या राज्य प्रशासन एवं वहां के सुरक्षा तंत्र को इस बात का कोई सुराग नहीं था कि खास कर जम्मू इलाका आतंकवाद का नया अड्डा बन रहा है? आतंकवादियों के पास से जिस तरह के आधुनिक हथियार बरामद हुए हैं, उससे अनुमान लगाया जा सकता है कि उन्हें सीमा पार से मदद मिल रही होगी।

तो फिर सवाल यह उठता है कि सीमा पर चौकसी एवं घुसपैठ रोकने के उपायों का क्या हुआ? केंद्र सरकार को यह अवश्य समझना चाहिए कि ऐसी घटनाओं के लगातार होने से देशवासियों के मनोबल पर चोट लगती है। अब सोच का यह कवच भी नहीं है कि अनुच्छेद 370 के कारण आतंकवाद रोकने में कामयाबी नहीं मिल रही है। ऐसी दलीलें ज्यादा काम की नहीं हैं कि जितने सुरक्षा कर्मी मारे गए हैं, उनसे ज्यादा आतंकवादियों को ढेर किया गया है। देश की अपेक्षा यह है कि आतंकवाद को निर्णायक रूप से परास्त किया जाए। ऐसा नहीं हो पा रहा है, तो सरकार और सुरक्षा तंत्र को अपनी अब तक की रणनीति पर सिरे से पुनर्विचार करना चाहिए। जम्मू-कश्मीर के लोगों का दिल जीतना और सीमा पार के दखल को नियंत्रित करना दो ऐसी चुनौतियां हैं, जिनका मुकाबला किए बगैर संभवतः समस्या काबू में नहीं आएगी।

# भारत 2031 तक बन सकता है दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : आरबीआई डिप्टी गवर्नर

**मुंबई**




भारत की जीडीपी पूरी दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ रही है। अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था के दम पर भारत 2048 में नहीं, बल्कि 2031 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 2060 तक दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं।

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी, मसूरी में अपने संबोधन में पात्रा ने कहा कि ऐतिहासिक तौर पर देखा जाए तो भारत में निवेश घरेलू बचत से होता है। 2021-23 की अवधि के दौरान सकल घरेलू बचत दर सकल राष्ट्रीय खर्च योग्य आय का औसत 30.7 प्रतिशत रही है। अन्य देशों की तरह भारत में निवेश या वृद्धि के लिए दूसरे देशों पर निर्भर नहीं है।

पात्रा ने आगे कहा कि बैलेंस ऑफ पेमेंट के तहत आने वाले करंट अकाउंट गैप में 2023-24 में जीडीपी का 1 प्रतिशत रह सकता है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था के बाहरी खतरों का सामना करने में मदद करता है। भारत का सकल विदेशी कर्ज जीडीपी का 20 प्रतिशत बना हुआ है, जिसके लिए भारत के पास पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है।

आगे उन्होंने कहा कि वित्तीय स्थिरता और महंगाई 4 प्रतिशत के आसपास आने के कारण भारत विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। महंगाई का कम होना दिखाता है कि मौद्रिक नीतियों में लिए गए फैसलों का असर हुआ है।

पात्रा ने आगे का कि राजकोषीय समेकन के कारण जनरल सरकारी कर्ज मार्च 2024 में जीडीपी का 81.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुसार यह इस दशक के अंत तक गिरकर 78.2 प्रतिशत रह सकता है। हमारा अनुमान है कि अगर मैन्युफैक्चरिंग के अधिक उत्पादन वाले सेक्टर जैसे लेबर फोर्स की स्किल बढ़ाने में अधिक खर्च किया जाए तो जनरल सरकारी कर्ज 2030-31 तक गिरकर 73.4 प्रतिशत पर रह सकता है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था वृद्धि के पीछे सबसे बड़ा कारण डेमोग्राफिक डिविडेंड का होना है। आज के समय में दुनिया में हर छठा वर्किंग आयु का व्यक्ति भारतीय है। आने वाले तीन दशकों तक यह स्थिति रहेगी। हमें इस अवसर को जरूर भुनाना चाहिए।

# मार्केट आउटलुक : तिमाही नतीजे, मानसून सहित यह फैक्टर्स बाजार के लिए होंगे अहम

**मुंबई**



भारतीय शेयर बाजार के लिए पिछला हफ्ता काफी अच्छा रहा है। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 80,893.51 और 24,592.20 का नया ऑल टाइम हाई बनाया और 80,519.34 एवं 24,502.15 पर बंद हुए।

इस सेंसेक्स ने 0.65 प्रतिशत और निफ्टी ने 0.73 प्रतिशत का रिटर्न दिया है। यह लगातार छठवां हफ्ता था, जब बाजार तेजी के साथ बंद हुआ। आने वाले समय में बाजार की चाल कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय फैक्टर्स पर निर्भर करेगी।

घरेलू स्तर पर बजट से जुड़े ऐलान, वित्त वर्ष पहली तिमाही के नतीजे (इस हफ्ते रिलायंस और इन्फोसिस, जैसी बड़ी कंपनियां नतीजे पेश करेंगी) और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के इनफ्लो पर निवेशकों की निगाहें होंगी।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चीन में जीडीपी और इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (आईआईपी) डेटा इस हफ्ते आएगा। इसके साथ ही आर्थिक पैकेज का भी ऐलान किया जा सकता है। ऐसे में मेटल सेक्टर फोकस में रह सकता है। इसके अलावा यूएस रिटेल बिक्री और जापान के मैक्रोइकोनॉमिक डेटा आदि का बाजार पर असर देखने को मिल सकता है।

जियोजित फाइनेंसियल सर्विसेज के रिसर्च हेड, विनोद नायर का कहना है कि हमें लगता है कि शेयर केंद्रित एक्शन बाजार में देखने को मिल सकता है। अच्छे नतीजों के कारण आईटी सेक्टर फोकस में हो सकता है। मास्टर कैपिटल सर्विसेज के वरिष्ठ अध्यक्ष अरविंदर सिंह नंदा का कहना है कि डेट चार्ट में निफ्टी ने मनोवैज्ञानिक स्तर 24,500 को तोड़ दिया है। ट्रेंड आगे भी तेजी का जारी रहने की उम्मीद है। हालांकि, गिरावट पर खरीदारी करना ही सही फैसला होगा। अगर कोई बड़ा मूव आता है तो बाजार में मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है।

## टमाटर की बढ़ी हुई कीमतों से मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** देश के कई क्षेत्र में टमाटर के दाम 100 रुपये के पार पहुंच गए हैं। अब टमाटर की कीमतों को लेकर नया अपडेट सामने आया है। सरकारी अधिकारी ने बताया कि आने वाले हफ्ते में देश की राजधानी दिल्ली में टमाटर के दाम में नरमी आएगी। हालांकि अभी राजधानी दिल्ली में टमाटर 75 रुपये प्रति किलो के भाव पर पहुंच गई है। दक्षिणी राज्यों से आने वाले टमाटर सप्लाई में इन्प्रूवमेंट होने के बाद टमाटर की कीमतों में नरमी आएगी। सरकारी अधिकारी ने बताया कि आलू और प्याज की कीमतों में भी जल्द नरमी देखने की उम्मीद है। सप्लाई में कमी आने की वजह से इनके दाम बढ़े थे। दिल्ली समेत कई शहरों में आलू, टमाटर, प्याज के दाम आसमान को छू रहे हैं। हीटवेव और भारी बारिश की वजह से इनकी सप्लाई सही से नहीं हुई और कई जगह पर फसल भी खराब हो गए। सही मात्रा में प्रोडक्शन न होने की वजह से और आपूर्ति की कमी की वजह से इनके दाम बढ़ गए थे। नई दिल्ली में टमाटर की कीमत बढक़र 75 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है, लेकिन अगर आगे भारी बारिश की वजह से सप्लाई पर कोई असर नहीं पड़ता है तो इनकी कीमतों में नरमी आने की संभावना है।

# प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.5 प्रतिशत बढ़कर 5.74 लाख करोड़

**नई दिल्ली**




वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का प्रत्यक्ष कर संग्रह 11 जुलाई तक पिछले साल की तुलना में 19.5 प्रतिशत बढक़र 5.74 लाख करोड़ हो गया है। इनकम टैक्स विभाग की ओर से जारी किए डेटा से यह जानकारी मिली।

1 अप्रैल से 11 जुलाई के बीच भारत का शुद्ध कॉर्पोरेट टैक्स संग्रह बीते वर्ष के मुकाबले 12.5 प्रतिशत बढक़र 2.1 लाख करोड़ हो गया। वहीं, सिक्योरिटी ट्रांजैक्शन टैक्स सहित पर्सनल इनकम टैक्स 24 प्रतिशत बढक़र 3.64 लाख करोड़ हो गया।

सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह (रिफंड से पहले) पिछले साल के मुकाबले 23.2 प्रतिशत बढक़र 6.45 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस दौरान डायरेक्ट टैक्स रिफंड सालाना आधार पर 64.5 प्रतिशत बढक़र 70,902 करोड़ रुपये हो गया है।

टैक्स में उछाल आने से सरकार को राजकोषीय घाटे पर काबू पाने में मदद मिलेगी। 2024-25 का बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा।

गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) संग्रह मजबूत रहने और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ का लाभांश दिए जाने के कारण वित्त मंत्री के पास ग्रोथ और सामाजिक कल्याण को बढ़ाने के लिए पर्याप्त जगह है।

इस बार उम्मीद की जा रही है कि वित्त मंत्री इनकम टैक्स की लिमिट में इजाफा कर सकती है। इससे मध्यमवर्ग को काफी सहायता मिलेगी और लोगों के हाथ में पहले के मुकाबले अधिक पैसा बचेगा और अर्थव्यवस्था की ग्रोथ के सहारा मिलेगा।

बता दें, अर्थव्यवस्था तीव्र गति से बढऩे और वित्तीय स्थिति में सुधार होने के कारण एसएंडपी ग्लोबल की ओर से भारत की सॉवरेन रेटिंग बढक़र स्थिर से सकारात्मक कर दिया गया है।

# पाकिस्तान को हराकर भारत बना चैंपियन, युवराज ने यूनुस खान को दिया करारा जवाब

**बर्मिंघम**

वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के खिताबी मंच पर युवराज सिंह की कप्तानी में रिटायर्ड भारतीय क्रिकेटरों की पलटन ने पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया है कि अब वो चाहकर भी इसे भूल नहीं पाएगा।

इंडिया चैंपियंस ने शनिवार को खेले गए रोमांचक फाइनल में पाकिस्तान को पांच विकेट से हराकर वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का खिताब अपने नाम कर लिया।

युवराज सिंह की अगुआई में टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और पाकिस्तान के खिलाफ कमबैक करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की।



इस जीत के साथ ही इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान चैंपियंस को उसके एक बयान का करारा जवाब दे दिया।

दरअसल, डब्ल्यूसीएल 2024 के ग्रुप स्टेज में हुई भारत-पाकिस्तान भिड़ंत में पाकिस्तान ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। इस जीत के बाद पाकिस्तानी कप्तान यूनुस खान खुशी में जरूरत से ज्यादा बोल गए थे।

यूनुस खान ने कहा था कि भारत को हराकर उन्होंने बदला ले लिया। खान का बदला लेने से यहां मतलब टी20 विश्व कप 2024 में भारत के हाथों पाकिस्तानी टीम को मिली हार से जुड़ा था।

ग्रुप स्टेज में भारत को हराने के बाद पाकिस्तान का अति आत्मविश्वास उन पर हावी होता दिखा।

खिताबी मुकाबले में भारत को हल्के में लेते हुए पाकिस्तान चैंपियंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 156/6 का स्कोर बनाया।

कामरान अकमल (19 गेंदों पर 24 रन) और मकसूद (12 गेंदों पर 21 रन) ने टीम को ठोस शुरुआत दी, लेकिन लगातार विकेट गिरने से टीम बड़ा टोटल सेट करने में विफल रही।

शोएब मलिक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, उन्होंने 36 गेंदों पर 41 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। कप्तान यूनुस खान अपनी छाप छोडऩे में विफल रहे और उन्हें इरफ़ान पठान ने 7 रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया।

इसके बाद मिस्बाह उल हक 18 रन बनाने के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए, सोहेल तनवीर (9 गेंद पर नाबाद 19 रन) के योगदान ने पाकिस्तान को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

# जिम्बाब्वे के खिलाफ पांचवें टी20 में भारत दे सकता है नए खिलाड़ियों को मौका

**हरारे**

भारत और ज़िम्बाब्वे के बीच आज पांचवां और अंतिम टी20 मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। भारत पहले ही इस सीरीज़ में 3-1 की अपराजेय बढ़त बना चुका है, लेकिन दोनों टीमें इस मुक़ाबले को जीतने के लिए ज़ोर लगाएंगी।

सीरीज के पहले मैच में जीत हासिल करने के बाद ज़िम्बाब्वे अब तक एकजुट प्रदर्शन करने में क़ामयाब नहीं हो पाया है। बेहतरीन फ़ॉर्म में चल रहे, ज़िम्बाब्वे के कप्तान सिंकदर रज़ा चाहेंगे कि उनकी टीम एक जीत के साथ इस सीरीज़ का अंत करें लेकिन शुभमन गिल एंड कंपनी भी एक और जीत के लिए पूरी तरह से तैयार है।

अगर ज़िम्बाब्वे इस मैच में भारत को एक अच्छी टक्कर देना चाहता है तो उनके गेंदबाज़ों को सबसे पहले शुभमन गिल को आउट करने की ज़रूरत है। गिल ने इस सीरीज़ में 52.33 की बेहतरीन औसत से अब तक कुल 153 रन बनाए हैं। गिल काफ़ी सूझ-बूझ के साथ काफ़ी टिक कर बल्लेबाज़ी करने का प्रयास कर रहे हैं, और इससे भारतीय टीम को काफ़ी लाभ भी मिला है। भारतीय टीम ने चौथा मैच शनिवार को 10 विकेट से जीता था।

वहीं ज़िम्बाब्वे अपने कप्तान सिकंदर रज़ा से एक और बेहतरीन प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। रज़ा ने इस सीरीज़ में गेंदबाज़ी काफ़ी अच्छी की है और पांच विकेट भी निकाले हैं लेकिन बल्ले के साथ उनका प्रदर्शन कुछ ख़ास नहीं रहा है। पहले टी20 में ज़िम्बाब्वे को मिली जीत में रज़ा प्लेयर ऑफ़ द मैच थे और उस मैच में उन्होंने तीन विकेट लिए थे और 17 रन बनाए थे।

भारत इस सीरीज़ में 3-1 से आगे है। अब इस बात की पूरी उम्मीद है कि आज के मैच में कुछ युवा खिलाडिय़ों का डेब्यू हो सकता है। तुषार देशपांडे और हर्षित देशपांडे को अब तक इस सीरीज़ में एक भी मैच नहीं मिला है। उन्हें डेब्यू करने का मौक़ा मिल सकता है। साथ ही जितेश शर्मा को भी मैच में शामिल किया जा सकता है। भारत और ज़िम्बाब्वे के बीच पांचवें टी20 मैच का सीधा प्रसारण सोनी लिव पर भारतीय समायनुसार 4:30 बजे से देखा जा सकता है।

## अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा का पहले ही दिन हाल-बेहाल, इंडियन 2 ने किया कमाल




अभिनेता अक्षय कुमार पिछले काफी समय से फिल्म सरफिरा को लेकर चर्चा में थे। उनकी इस फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से भी काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिली है, वहीं अक्षय के अभिनय की भी चारों ओर तारीफ हो रही है।बावजूद इसके सिनेमाघरों में पहले दिन उनकी इस फिल्म को दर्शक नसीब नहीं हुए। फिल्म की कमाई के पहले दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो उम्मीद के मुताबिक काफी कम हैं।

सैकनिल्क के मुताबिक सरफिरा ने रिलीज के पहले दिन महज 2.40 करोड़ की कमाई की है। हालांकि ये शुरुआती आंकड़े हैं। आधिकारिक आकड़ों में थोड़ा बहुत बदलाव हो सकता है।यह कमाई काफी निराशाजनक इसलिए है, क्योंकि फिल्म का बजट करीब 85 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।इस लिहाज से फिल्म का पहले दिन का बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन काफी खराब है। 5-7 करोड़ रुपये अगर यह फिल्म कमाती तो इसका कलेक्शन ठीक माना जाता।

अक्षय पिछले काफी समय से एक अदद हिट को तरस रहे हैं। इस साल आई उनकी 350 करोड़ी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां भी बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप साबित हुई थी।ऐसे में सरफिरा से हर किसी को बड़ी उम्मीदें थीं। अक्षय ने भी फिल्म के प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ी थी, लेकिन सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद सरफिरा पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर फुस्स नजर आई।हालांकि, उम्मीद है कि वीकेंड में फिल्म की कमाई बढ़ेगी।

## आनंद एल राय ने किया नई फिल्म नखरेवाली का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा



बॉलीवुड के जाने-माने डायरेक्टर और प्रोड्यूसर आनंद एल राय को हिंदी सिनेमा में रोमांटिक कॉमेडी फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। आनंद ने राझणा, तनु वेड्स मनु, रक्षाबंधन, अतरंगी रे और जीरो जैसी फिल्मों का निर्मा-निर्देशन किया है।

अब एक बार फिर आनंद एल राय एक नई लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस मूवी का नाम है नखरेवाली, जिसका एलान बीते साल हुआ था और अब फिल्म को रिलीज करने की तैयारी शुरू हो गई है।

फिल्म की निर्माता कम्पनी जियो स्टूडियोज और अ कलर येलो प्रोडक्शन ने सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर नखरेवाली का नया पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा किया। ये फिल्म अगले साल फरवरी में रिलीज होगी। तारीख चुनी गई है 14 यानी वैलेंटाइन डे।

## आज का राशिफल

***मेष-*** आज आपका दिन खास रहने वाला है। आज आपको परिवार के लोगों से सपोर्ट मिलेगा। माता-पिता के साथ किसी तीर्थस्थल पर जाने का योग बन रहा है। जो लोग टूर एंड ट्रेवलिंग का बिजनेस कर रहे हैं, उन्हें आज उम्मीद से अधिक फायदा होगा।

***वृष-*** आज का दिन शानदार रहने वाला है। जो शिक्षक हैं, वो आज छात्रों को कुछ नया सिखायेंगे। घर में किसी दूर के रिश्तेदार के आने की संभावना बन रही है। आज शाम का समय परिवार के साथ बीतेगा। परिवार में खुशी का माहौल बना रहेगा।

***मिथुन-*** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। आपको खुद पर ध्यान रखने की जरूरत है। आज आप कोई चीज भूल सकते हैं। ऑफिस जाते समय सामान और जरूरी पेपर को लेना न भूलें। गुस्से पर काबू रखें, वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं।

***कर्क-*** आज का दिन मिला-जुला रहने वाला है। आपका पूरा दिन भाग-दौड़ में बीतेगा। पेपर वर्क पूरा न होने से कोई जरूरी काम बनते-बनते रुक सकता है। आज कोई नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं तो बेहतर होगा कि बड़ों कि सलाह लेकर ही शुरुआत करे।

***सिंह-*** आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपना कॉन्फिडेंस कम न होने दें, मन लगाकर काम करें। उचित मेहनत से आपके काम में आई रुकावट से भी पार पा लेंगे। जो लोग कहीं बाहर घूमने जा रहे हैं, उनका प्लान किसी कारणवश अंतिम समय में कैंसिल हो सकता है।

***कन्या-*** आज का दिन बहुत ही बढिय़ा रहने वाला है। बिजनेस में कोई नया निवेश करने का विचार बना सकते हैं। आप अपनी रूटीन लाइफ में थोड़ा बदलाव कर सकते हैं। जहां जरूरत लगे, वहां समझौता करने के लिए तैयार रहेंगे।

***तुला-*** आज का दिन ठीक रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। आज ऑफिस में आपके कार्यों को लेकर सतर्क रहें। कुछ लोग आपके विरुद्ध प्लानिंग कर सकते हैं, आपको ऐसे लोगों से थोड़ा संभलकर रहना चाहिए।

***वृश्चिक-*** आज का दिन उत्साह से भरा रहेगा।परिवार के किसी खास व्यक्ति के बारे में आपको कुछ रोचक बात पता चल सकती है। आज आप ज्यादातर काम आसानी से निपटाने में सफल रहेंगे।

***धनु-*** आज का दिन खुशियां लेकर आया है। आज आपकी सोच और प्लानिंग स्पष्ट रहेगी। आपकी कल्पना शक्ति का विस्तार होगा। आज कार्यक्षेत्र में आपको कुछ अलग तरह के अनुभव हो सकते हैं।

***मकर-*** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। इस राशि के जो लोग लेखन के क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं उनके लिए आज अपनी प्रतिभा को निखारने का दिन है। आज किसी से बेवजह की बातें न करें, जितना हो सके विवाद से दूर रहें।

***कुंभ-*** आज खुशियां खुद चलकर आपके सामने आयेंगी। आपकी इनकम बढऩे के योग बन रहे हैं। आपको किसी नये बिजनेस में साझेदारी का प्रस्ताव मिल सकता है। इसका आपको आने वाले दिनों में काफी फायदा होगा।

***मीन-*** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज बिजनेस में नये एग्रीमेंट होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आप जो काम करेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी।

## बॉडीवॉश घर पर खुद ऐसे बनाकर करें इस्तेमाल

बॉडीवॉश का चलन काफी बढ़ गया है क्योंकि यह साबुन की तुलना में त्वचा पर हार्श नहीं होता और गहराई से साफ करने के साथ-साथ त्वचा को मॉइश्चराइज भी करता है।वैसे तो बाजार में कई तरह के बॉडीवॉश मौजूद है, लेकिन उनमें मौजूद कृत्रिम तत्व और रसायन त्वचा पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।आइए आज हम आपको घर पर बॉडीवॉश बनाने के 5 तरीके बताते हैं, जिनका इस्तेमाल त्वचा के लिए सुरक्षित और लाभदायक साबित हो सकता है।

**त्वचा को पोषित करने वाला बॉडीवॉश-** सबसे पहले एक कटोरे में आधा कप बिना चीनी वाला नारियल का दूध, थोड़ा बिना गंध वाला लिक्विड कैस्टाइल साबुन, 2 बड़ी चम्मच जोजोबा तेल, 1 बड़ी चम्मच ग्लिसरीन, 1 चम्मच कच्चा शहद और टी ट्री तेल की कुछ बूंदें डालकर अच्छे से मिलाएं।अब इस मिश्रण को किसी बोतल में डालें। इसके बाद जब नहाने का समय हो तो बॉडीवॉश को नहाने वाले स्पंज पर डालकर इस्तेमाल करें।इस बॉडीवॉश का इस्तेमाल आप 1 साल तक कर सकते हैं।

**त्वचा पर झुर्रियों और महीन रेखाओं के प्रभाव को कम करने वाला बॉडीवॉश -** इसके लिए पहले आधा कप लिक्विड कैस्टाइल साबुन को एक बोतल में डालें, फिर इसमें आधा कप शहद, 1 बड़ी चम्मच अरंडी का तेल और 2 बड़ी चम्मच जैतून का तेल मिलाएं।इसके बाद मिश्रण को अच्छे से मिलाने के बाद इसमें अपने पसंदीदा एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें मिलाएं, फिर जब चाहें इसका नहाने के लिए इस्तेमाल करें।इस बॉडीवॉश की शेल्फ लाइफ लगभग 6 महीने होगी।

**त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करने वाला बॉडीवॉश-** सबसे पहले एक बड़ी पंप डिस्पेंसर वाली बोतल में आधा कप लिक्विड कैस्टाइल साबुन, 4 बड़ी चम्मच शुद्ध नारियल का तेल, 1 बड़ी चम्मच ग्लिसरीन, 1 बड़ी चम्मच विटामिन-ई का तेल और किसी भी खट्टे फल से बने एसेंशियल ऑयल की 20-30 बूंदें डालकर अच्छे से मिलाएं।अब इस मिश्रण का इस्तेमाल नहाने के लिए करें।यह बॉडीवॉश लगभग दो साल तक आराम से इस्तेमाल किया जा सकता है।

## शब्द सामर्थ्य- 118

**बाएं से दाएं**
1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**
1. शरीर का कोई भाग, शरीर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज़, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | | ■ | |
| 19 | | | ■ | | ■ | ■ | 20 | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू-दोकू- 118

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.117 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |